
www.amritvichar.com
# अमृत विचार
## लखनऊ महानगर
₹ आम बजट में लखनऊ
लखनऊ, सोमवार, 2 फरवरी 2026

### सुविचार



जीवन में अनेक विफलताएं केवल इसलिए होती हैं क्योंकि लोगों को यह आभास नहीं होता है कि जब उन्होंने प्रयास बन्द कर दिए तो उस समय वह सफलता के कितने क़रीब थे।

-थोमस एडिसन

### शहर में आज



- कुकैरल स्थित मौलसी ऑडिटोरियम में वर्ल्ड वेटलैंड डे पर कार्यक्रम- 10 : 00बजे।
- बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान में पृथ्वी विज्ञान में रॉक चुंबकत्व पर वैज्ञानिक व्याख्यान- 10 :00 बजे से।
- लखनऊ विश्वविद्यालय में नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री प्रो. अभिजीत बनर्जी का व्याख्यान- 10 :00 बजे से।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन सभागार में जेम पोर्टल से सामग्रियों की खरीद करने का क्रेता विभागों का प्रशिक्षण- 4 :00 बजे से।

☞ पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# मेट्रो के निर्माण में डाला बजट का ईंधन

## 1450 करोड़ रुपये दूसरे फेज के निर्माण कार्य के लिए घोषित किए गए



### मेट्रो सेकेंड फेज के तहत 12 नए स्टेशन बनाए जाएंगे

- मेट्रो सेकेंड फेज के तहत 12 स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें सात भूमिगत व पांच एलिवेटेड स्टेशन होंगे। चारबाग(भूमिगत), गौतमबुद्धनगर(भूमिगत), अमीनाबाद(भूमिगत), पांडेगंज(भूमिगत), सिटी रेलवे स्टेशन(भूमिगत), मेडिकल चौराहा(भूमिगत), चौक(भूमिगत), ठाकुरगंज(एलिवेटेड), बालागंज(एलिवेटेड), सरफराजगंज(एलिवेटेड), मूसाबाग(एलिवेटड), बसंतकुंज(एलिवेटेड) स्टेशन होंगे।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**5801** करोड़ रुपये से होगा सेकेंड फेज का निर्माण कार्य

**2900** करोड़ रुपये का लोन बैंकों से लिया जाएगा

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने लखनऊ मेट्रो के दूसरे फेज के निर्माण कार्य में बजट का ईंधन भर दिया है। आम बजट में 1450 करोड़ रुपये का अंश मिलने से तीन महीने में चारबाग से बसंतकुंज के बीच सेकेंड फेज का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। निर्माण के लिए टेंडर हो चुके हैं।

चारबाग से बसंतकुंज के बीच 5801 करोड़ रुपये से लखनऊ मेट्रो के सेकेंड फेज का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसमें आधी धनराशि केंद्र व राज्य सरकारों से मिलेगी। शेष ऋण लिया जाएगा। इसके तहत 2900 करोड़ रुपये का लोन बैंकों से लिया जाएगा तथा इतना केंद्र व राज्य सरकारें मिलकर देंगी। इस लिहाजा से केंद्र सरकार को 1450 करोड़ रुपये देने हैं। इस धनराशि की पहली किस्त मिल जाएगी, जिससे निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा ऋण दिलाने में भी सरकारें मदद करेंगी। चारबाग से बसंतकुंज के बीच करीब 11.16 किमी रूट पर बारह स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य पांच साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए टेंडर हो चुके हैं। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार प्रोजेक्ट के लिए ग्राउंड, जियोटेक सर्वे कराए जा चुके हैं। विदेशी निवेश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। चारबाग, मेडिकल कॉलेज व चौक चौराहे पर बनने वाले मेट्रो स्टेशनों की लोकेशन मुख्य चौराहों से पांच सौ मीटर तक आगे या पीछे हो सकती है।

### तीन चरणों में निर्माण कार्य

- मेट्रो सेकेंड फेज का निर्माण कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 40 एकड़ में बसंतकुंज में डिपो का निर्माण करवाया जाएगा। इसके बाद रूट पर एलिवेटेड व अंत में अंडरग्राउंड स्टेशनों को बनवाया जाएगा।

### राय

#### शुगर के मरीजों को संजीवनी



केजीएमयू मेडिसिन विभाग के प्रो. एस सी चौधरी भारत में डायबिटीज का रोग बेहद सामान्य हो गया है और यह धीरे-धीरे देश में गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा शुगर की दवाओं की कीमतों में कटौती को बेहद सराहनीय कदम है। मरीज को आजीवन दवाओं का सेवन करना होता है, ऐसे में शुगर की दवाएं सस्ती होना बहुत अच्छा और सराहनीय निर्णय है। इससे मधुमेह नियंत्रण की दवाएं सभी मरीजों की पहुंच में होंगी।

#### गरीब और मध्यम वर्ग के लिए इलाज सस्ता

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल (सिविल) के वरिष्ठ चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने कहा कि केंद्रीय बजट का उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्ग के लिए इलाज को सस्ता, अस्पताल पास और डॉक्टर-स्टाफ उपलब्ध करना है।



आयुष्मान भारत के लिए वित्तीय वृद्धि, नए एम्स और मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, पुराने कॉलेजों का अपग्रेड, एक लाख से अधिक नर्स, लैब टेक्नीशियन और केयरगिवर तैयार करना, कैंसर, डायबिटीज और अन्य गंभीर बीमारियों की दवाओं को सस्ता और भारत में तैयार करना, सभी कदम मरीजों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए बड़े फायदे लाएंगे।

#### रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का प्रावधान

विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि बजट 2026-27 विकसित भारत के संकल्प को ठोस और व्यावहारिक आधार देता है। यह ऐतिहासिक रूप से पेपरलेस और हाईटेक बजट है, जिसमें दवाई और पढ़ाई जैसे बुनियादी क्षेत्रों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सड़क, रेल और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में युवाओं पर विशेष फोकस करते हुए कौशल विकास, रोजगारपरक योजनाओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, जो भारत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में और सशक्त बनाएंगे। राजकोषीय अनुशासन बनाए रखते हुए समावेशी और लोकहितैषी विकास की दिशा में यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प को अमली जामा पहनाने वाला है। मैं इस दूरदर्शी बजट का स्वागत करता हूं।



#### गांव और गरीब का रखा ख्याल : डॉ. निर्मल

विधान परिषद सदस्य एवं उत्तर प्रदेश दैवीय आपदा प्रबंधन समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि केंद्र सरकार ने आम बजट में गांव व गरीब का ख्याल रखा है। नई योजना 'वीबी-जी राम जी' को लागू करने की तैयारी के साथ इसके लिए 95,692.31 करोड़ रुपये आवंटित किया है, जबकि मनरेगा के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। वीबी-जी राम जी योजना के तहत साल में 125 दिनों के काम का वादा किया गया है। इस योजना के लागू होने से गांव में गरीबों को ज्यादा दिन काम की गारंटी मिलेगी, इससे गांवों से पलायन रुकने के साथ गांव में ही रोजगार मुहैया होंगे।



# रोजगार, स्वास्थ्य और विनिर्माण पर किया गया फोकस: सीआईआई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखते भारतीय उद्योग परिसंघ के पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की ओर से यूनियन बजट 26-27 पर एक व्यूइंग सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न उद्योग सदस्यों ने भाग लिया। इस सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने बजट को देखने के साथ उद्योग और क्षेत्रीय आर्थिक विकास पर इसके संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की।

बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीआईआई उत्तरी क्षेत्र की चेयरपर्सन और आनंद ग्रुप की एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन अंजलि सिंह ने कहा कि यूनियन बजट 2026 में ऐसे लक्षित उपाय शामिल किए गए हैं, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को विशेष रूप से लाभ पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि विकास पूंजी तक बेहतर पहुंच और सतत विस्तार की क्षमता को मजबूत करने से एमएसएमई को आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 की शुरुआत हुई, जिसमें स्वदेशी उपकरण, सामग्री, डिजाइन क्षमता और बौद्धिक संपदा (आईपी) सृजन पर फोकस किया गया है, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। ये उपाय मिलकर देश में गहरी घरेलू वैल्यू चेन विकसित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी विनिर्माण में भारत की स्थिति को और सुदृढ़ करने में सहायक होंगे।

सीआईआई उत्तरी क्षेत्र के डिप्टी चेयरपर्सन और सैमटेल एवियोनिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ पुनीत कौरा ने कहा कि यूनियन बजट भारत के औद्योगिक और तकनीकी इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए एक संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने बताया कि एमएसएमई की क्षमता निर्माण, पूंजी तक पहुंच और सप्लाई-चेन एकीकरण पर निरंतर जोर देने से उद्यमों को वैल्यू चेन में ऊपर की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने बजट को विकासोन्मुख बताते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत और दीर्घकालिक औद्योगिक वृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

> केंद्रीय बजट-26 को उद्योग जगत ने विकासोन्मुख और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बताया है। बजट में रोजगार सृजन, कौशल विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त करने पर स्पष्ट दृष्टि दिखती है। बायो फार्मा शक्ति पहल से बायोफार्मा विनिर्माण, अनुसंधान, निर्यात के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य और ट्रॉमा केयर को भी मजबूती मिलेगी।
>
> -डॉ. उपासना अरोड़ा, अध्यक्ष सीआईआई उत्तर प्रदेश

> बजट विनिर्माण और एमएसएमई विस्तार के लिए अहम है। प्रस्तावित एसएमई ग्रोथ फंड से पूंजी तक बेहतर पहुंच मिलेगी, जबकि हाई-स्पीड रेल, सड़क और औद्योगिक क्लस्टरों के आधुनिकीकरण से कनेक्टिविटी, उत्पादकता और लागत प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा। कुल मिलाकर बजट उद्योग, निवेश और भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया है।
>
> -अभिषेक साराफ, उपाध्यक्ष सीआईआई उत्तर प्रदेश

### एआई सिटी

#### 10 लाख से अधिक को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर की उम्मीद

- **अमृत विचार, लखनऊ:** केंद्रीय बजट- 2026 में लखनऊ को एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) सिटी हब के रूप में विकसित करने का भी घोषणा की गई है। एआई परियोजना युवाओं के लिए तकनीकी रोजगार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देगी। नादरगंज के अनोरा कला में 40 एकड़ में विकसित होने वाली इस एआई सिटी में हाई-टेक एआई लैब, रिसर्च सेंटर और 10 हजार जीपीयू क्षमता का एआई इकोसिस्टम होगा। शत-प्रतिशत हरित ऊर्जा से संचालित होने वाली इस परियोजना से 10 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। लखनऊ को एआई शिक्षा, स्टार्टअप्स व स्मार्ट गवर्नेंस का केंद्र बनाया जाएगा। एआई सिटी में ग्रीन बिल्डिंग मानदंड अनिवार्य होंगे, ऊर्जा-दक्ष सामग्री, प्राकृतिक प्रकाश के इष्टतम उपयोग और एकीकृत जल संरक्षण प्रणालियों पर ध्यान दिया जाएगा। इस परियोजना से निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने और प्रदूषण स्तर नियंत्रित करने के लिए स्मार्ट मोबिलिटी समाधान प्रोत्साहित किए जाएंगे। प्रौद्योगिकी से आगे, राज्य को उम्मीद है कि परियोजना स्थानीय रोजगार सृजित करेगी, पर्यावरणीय गुणवत्ता में सुधार लाएगी व व्यापक सामाजिक व स्वास्थ्य लाभ देगी।

#### 'रेवड़ी संस्कृति' की जगह तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर

- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग की प्रो. अनामिका चौधरी ने कहा कि महिलाओं के लिए दो करोड़ रुपये तक के उद्यमिता ऋण और हर जिले में 'गर्ल्स हॉस्टल' के साथ-साथ, दिव्यांगजनों के लिए 'सहारा योजना' और 'दिव्यांगजन कौशल योजना' की शुरुआत की गई है। इसके अतिरिक्त, बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों के समाधान के लिए जिला स्तर पर 'मेंटल हेल्थ केयर' केंद्रों के विस्तार और परामर्श सेवाओं को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बुनियादी ढांचे में 12.2 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक निवेश, सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर और रक्षा क्षेत्र में 'ड्रोन शक्ति 2.0' भारत को एक वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़े कदम हैं। शिक्षा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक तकनीक के 'बोलबाले' का साक्षी है। यह बजट 'रेवड़ी संस्कृति' के स्थान पर तकनीकी सशक्तिकरण, समावेशी शिक्षा और आधुनिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से दीर्घकालिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है।




# कैंसर के मरीजों को राहत का डोज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर और शुगर (डायबिटीज) जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को राहत का बड़ा डोज दिया है। कैंसर और डायबिटीज की दवाओं के दाम घटने से मरीजों के साथ उनके परिजनों को भी बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। जिला अस्पतालों में इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर को बढ़ावा देने से सुलभ और बेहतर इलाज मिल सकेगा।

17 प्रमुख कैंसर दवाओं और डायबिटीज के उपचार में प्रयुक्त दवाओं पर टैक्स में राहत देने से इलाज की लागत में कमी आएगी और मरीजों पर होने वाला आउट-ऑफ-पॉकेट खर्च कम होगा। चिकित्सा विशेषज्ञों ने बताया कि कई कैंसर की दवाएं महंगी होने के साथ आयात पर निर्भर हैं। इन पर कस्टम ड्यूटी हटने से दवाओं की कीमतों में सीधी राहत मिलने की संभावना है। इसके अलावा सरकार ने सात और दुर्लभ बीमारियों को उन बीमारियों की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव किया है, जिनके इलाज के लिए व्यक्तिगत उपयोग में आयात की जाने वाली दवाओं, विशेष मेडिकल फूड और ड्रग्स पर इंपोर्ट ड्यूटी से छूट दी जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस फैसले से जिलों के उन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें अब तक इलाज के अधिक खर्च के कारण बड़े शहरों और बड़े अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता था।



#### बेहतर इलाज के साथ मरीजों को मिलेगा मानसिक संतोष



- कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान के निदेश प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि कैंसर का इलाज मंहगा होता है और लंबा चलता है। इलाज के दौरान मरीजों को होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों को सरकार ने गंभीरता से लिया बहुत ही सराहनीय है। कैंसर की दवाएं सस्ती होने से कैंसर मरीजों को सहायता मिलेगी, इतना नहीं गत वर्ष से कैंसर मरीजों के लिए शुरू की गयी डे-केयर सुविधा में, कीमोथेरेपी की दवाएं सस्ती होने से मरीजों को बेहतर इलाज के साथ मानसिक संतोष भी मिलेगा।

#### डायबिटीज मरीजों को बड़ी राहत



- केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह ने कहा कि जिला अस्पतालों में इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर सेंटरों का विस्तार सरकार की सराहनीय पहल है। गंभीर रूप से घायल को गोल्डन ऑवर्स में इलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है। इस पहल से लाखों जिंदगियां बचाई जा सकेंगी।

### विशेषज्ञों की राय

**अर्थशास्त्रियों ने केंद्र सरकार के बजट को विकसित भारत की ओर ले जाने वाला बताया**

# उद्योगों को मिलेगी मजबूती, रोजगार सृजन और बढ़ेगा निजी निवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ए पी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉ. मोनिका अवस्थी ने कहा कि भारत सरकार ने ये बजट 'विकसित भारत का बजट' और रिफॉर्म एक्सप्रेस के अगले चरण के रूप में प्रस्तुत किया है।



इसमें दीर्घकालिक दृष्टि, राजकोषीय अनुशासन और संरचनात्मक सुधारों पर विशेष बल दिया गया है। 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय से बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और हाई-टेक उद्योगों को मजबूती मिलेगी, जिससे रोजगार सृजन और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और बायोफार्मा शक्ति योजना जैसे उद्योग-उन्मुख कार्यक्रम भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करेंगे।

कृषि और ग्रामीण विकास में 'भारत विस्तार' डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक सलाह, मौसम और बाजार जानकारी उपलब्ध कराना भी सराहनीय पहल है। एमएसएमई क्षेत्र में 10 हजार करोड़ का एसएमई ग्रोथ फंड और युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार तक का ढांचा रोजगार सृजन और कौशल विकास के लिए सहायक होगा। इसके अलावा, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, पर्यटन, मेडिकल टूरिज्म व सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना समाज के विभिन्न वर्गों को विकास में भागीदारी का अवसर देता है।

राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखना वित्तीय स्थिरता और अनुशासन के लिए महत्वपूर्ण कदम है। किंतु व्यावहारिक दृष्टि से यह बजट उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण सीमाओं और नीतिगत चुनौतियों को भी उजागर करता है। बजट का मूल आधार निवेश-प्रेरित विकास मॉडल है, जिसमें पूंजीगत व्यय के माध्यम से बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और उच्च तकनीक क्षेत्रों को गति देने का प्रयास किया गया है। यह दृष्टिकोण आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए आवश्यक है, परंतु यह प्रश्न बना रहता है कि जब तक घरेलू प्रभावी मांग मजबूत नहीं होगी, तब तक इतना बड़ा निवेश अपेक्षित परिणाम दे पाएगा या नहीं। प्रभावी मांग को मजबूत करने के लिए लोगों के पास आय तथा रोजगार होना अनिवार्य शर्त है।

#### विकसित भारत का बजट : यशवंत सिंह



- एक्सिस बैंक के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट यशवंत सिंह ने कहा कि इस साल का बजट बहुत ही तार्किक है। रोजगार परक और जनभावनाओं का ध्यान रखा गया है। आधुनिकीकरण, व्यवसाय, युवा-महिला, गरीब कल्याण समाज के सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा गया है। 2047 विकसित भारत इस बजट में परिलक्षित होता है, सबसे महत्वपूर्ण है कि इसको धरातल पर कैसे उतारा जाए। सही मायने में यह बजट पूर्णता का बजट है और आधुनिक भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला है।

#### वित्तीय संतुलन वाला बजट : प्रो. मनोज अग्रवाल



- लखनऊ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मनोज अग्रवाल ने कहा कि यह वित्तीय संतुलन वाला बजट है। ऋण के भार को लगातार घटाया जा रहा है, जिसे घटाकर 55.6 प्रतिशत कर दिया गया है। जो पहले की तुलना में कम है, इसलिए विकास के लिए धन उपलब्ध हो पाना आसान हो पा रहा है। एमएसएमई सेक्टर को बहुत महत्व दिया गया है उसके लिए तमाम उपाय किए गए हैं। इसके अलावा अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं जहां यह सेक्टर मजबूत भूमिका को निभा सके। युवा वर्ग की बहुत बड़ी भूमिका है उनके प्रशिक्षण से लेकर नए रोजगार सृजन तक कार्य किया जा रहा है। विदेशों से एआई की जो फर्म आएगी उनको 2047 तक टैक्स फ्री किया जा रहा है जिससे युवाओं को रोजगार मिलेंगे। इसके अलावा टूरिज्म सेक्टर में युवाओं के लिए और भी अवसर सृजित होंगे। 5 नए विश्वविद्यालयों की स्थापना से औद्योगिक रूप से कुशल युवा तैयार होंगे।

#### विकसित भारत एवं कर सुधारों की दिशा में ठोस कदम : प्रो. रचना




- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव ने कहा कि बजट में प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल बनाये जाने की घोषणा स्वागत योग्य है। यह ग्रामीण एवं आंचलिक क्षेत्रों में रहने वाले उन बच्चों के सपनों को पंख देगा, जो बड़े शहर में जाकर अध्ययन तो करना चाहते हैं किंतु वहां रहने का ठिकाना ना होना एवं निर्धनता के कारण ऐसा नहीं कर पाते हैं। वित्त मंत्री के इस कदम से ऐसे बच्चों के अभिभावक भी अपनी बेटियों की सुरक्षा के प्रति निश्चिंत रहेंगे। बजट में की गई घोषणा शोध छात्रों एवं उच्च शिक्षा के टीचर्स के लिए प्रेरणादायक होगा।

#### बजट दीर्घकालिक योजना पर आधारित : प्रो. भारती पाण्डेय



- श्रीजय नारायण मिश्रा पीजी कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. भारती पाण्डेय ने कहा कि बजट दीर्घकालिक योजना पर आधारित है। विकसित भारत की राह को मजबूत करने के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि सतत एवं टिकाऊ बनाए रखने पर जोर दिया गया है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के विकास से रोजगार बढ़ेंगे और यह मांग को बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति देगा। राज्यों के विकास के लिए 1.4 लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई है। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में बढ़ावा देने के लिए देश में 5 क्षेत्रीय हब स्थापित करने की योजना का प्रस्ताव किये जाने के साथ तीन नए ऑल इंडिया आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने का प्रावधान भी बजट में है। रक्षा बजट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी करते हुए रक्षा क्षेत्र को 7.8 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसमें सेना के आधुनिकीकरण पर विशेष बल है।

#### युवा शक्ति ड्राइवर बजट : डॉ. राहुल



- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार का युवा शक्ति ड्राइवर बजट है जो कि गरीबों, वंचित और पिछड़ों पर ध्यान केंद्रित बजट है। चैंपियन एमएसएमई की कल्पना करते हुए त्रिपक्षीय दृष्टिकोण रखा गया है, जिसके अंतर्गत इक्विटी समर्थन जिसमें 10 करोड़ रुपये का फंड, व्यावसायिक सहायता एवं ट्रेंडस के माध्यम से तरलता सहायता के प्रावधान के साथ विनिर्माण क्षेत्र को अग्रिम क्षेत्र के रूप में विकसित करने हेतु भारत सेमीकंडक्टर 2.0, टेक्सटाइल प्रमोशन, इलेक्ट्रॉनिक घटक योजना, किफायती रेल सामग्री योजना एवं उच्च मूल्य और तकनीकी रूप में उन्नत निर्माण और अवसंरचना उपकरणों के घरेलू उत्पादन को मजबूत करना सम्मिलित है। केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार के द्वारा बजट सुधारों को अपनाया गया है चाहे वह एनआरआई, निर्माण क्षेत्र या फिर घरेलू क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ही क्यों ना हो।

## व्यापारी नेता बोले

- उप्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल केंद्र सरकार ने अपने बजट में कैंसर, शुगर एवं अन्य जीवनोपयोगी दवाओं को सस्ता कर आम जन को लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। दवा सस्ते होने से आम आदमी आसानी से अपना इलाज करवा सकेगा सकेगा। वैश्विक उथल-पुथल को देखते हुए बजट को तैयार किया गया है। कई योजनाएं धरातल पर आएंगी। व्यापारियों के लिए कई चीजों में राहत दी गई है।



- लखनऊ व्यापार मंडल चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल कपड़ा व चमड़ा उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाने की घोषणा की। एमएसएमई सेक्टर की ग्रोथ के लिए बजटीय प्रावधान किया गया। बायोफार्मा सेक्टर के विकास, कैंसर एवं मधुमेह की दवाइयों पर लगने वाले शुल्क को समाप्त किया गया। इससे कैंसर व मधुमेह की दवाइयां सस्ती होंगी।



- लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि इस बार का बजट ट्रिपल ई (आर्थिक विकास, रोजगार व निर्यात एवं आम जनता की अपेक्षा) पर केंद्रित है। इसे आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। एफटीए (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) के समझौतों के बाद सरकार द्वारा उत्पाद एवं संबंधित शुल्कों में दी गई छूट से चमड़ा, जूता, कपड़ा सहित अन्य निर्यात क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। विदेश में अध्ययनरत छात्रों के खर्च पर लगने वाली टीसीएस कटौती को 5 से घटाकर 2 फीसद करना स्वागतयोग्य कदम है।



- दाल एंड मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता यह बजट भविष्य के लिए अच्छा है। विदेश में शिक्षा एवं चिकित्सा खर्च पर टीसीए को घटाकर दो फीसद किया है। इससे विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले और इलाज कराने वालों को बचत होगी। अब अगर आईटीआर देर से भी फाइल की तो टीडीएस रिफंड बगैर जुर्माने के वापस मिलेगा। टैक्स पेयर्स को राहत देने वाला है। टैक्स कानून को छोटा और आसान बनाया गया है। यह बजट सरकार की पूर्व नीतियों को आगे बढ़ाने वाला है।



- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि बजट विकसित भारत का आगे ले जाने वाला फॉर्मूला है। इसमें उद्योगों के बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किया गया है। खासतौर पर एमएसएमई के लिए जो फंड अलग से रखा गया है वो सराहनीय है। इस बजट से विकास की दर उच्च होगी। उद्योग, महिला, युवा इससे विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं, क्लस्टर को बढ़ावा देकर तकनीकी त्रुटियों पर सजा नहीं दी जाएगी, स्वागत योग्य कदम है। एआई का विशेष उपयोग सस्ता सरल सुलभ ऋण उपलब्ध कराया जाना स्वदेशी उत्पादों के लिए ओडीओपी योजना को बढ़ावा देगा।



- अ.भा.उ.व्यापार मंडल के प्रवक्ता सुरेश छबलानी ने कहा कि बजट भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इसमें जीवन रक्षक दवाओं को सस्ता कर आमजन को रियायत देने की कोशिश की गई है। विस्तृत रूप से रोजगार में भी यह बजट वृद्धि करने वाला है। खेलो इंडिया के माध्यम से खेल के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाने की योजना सराहनीय है। उन्होंने कहा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया गया प्रयास है।



- इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने कहा किलगातार उतार-चढ़ाव देख रहे सर्राफा बाजार को ज्यादा राहत नहीं मिली है। सरकार ने सोने चांदी के तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया है ना प्लस और ना माइनस। कस्टम ड्यूटी जीरो किए जाने की बात पर भी ध्यान नहीं दिया गया। एमी पर ज्वेलरी देने के लिए हमने सरकार से आग्रह किया था कि बैंकों को छूट दें कि वह लोगों को ज्वैलरी खरीदने के लिए फाइनेंस करें जिससे ज्वेलरी सेक्टर भी ऑर्गेनाइज्ड हो और बैंक को भी एक बहुत बड़ा ग्राहक का सेक्टर मिल सके। सरकार ने चंदन, कोकोनट, कपड़े के निर्यात को बढ़ावा और केमिकल पार्क बनाना तथा नॉर्थ ईस्ट के सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया है।



# एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगी नई रफ्तार

## आईआईए लखनऊ में बजट देखने और चर्चा सत्र में उद्योग जगत ने बताया भविष्योन्मुखी और विकास-संचालित बजट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ने रविवार को आईआईए भवन, लखनऊ में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर चर्चा सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर आईआईए के पदाधिकारी, उद्योगपति, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और नीति विशेषज्ञ बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय बजट की प्रमुख घोषणाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर पर आईआईए के राष्ट्रीय सचिव प्रमित कुमार सिंह, डिविज़नल चेयरमैन (अयोध्या) कैप्टन राजेश कुमार तिवारी, लखनऊ चैप्टर चेयरमैन विकास खन्ना, एसके गुप्ता, अविरल कुमार, अक्षय कुमार सहित अनेक पदाधिकारी/ उद्योगपति मौजूद रहे।

आईआईए के चेयरमैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां, फाइनेंस और टैक्सेशन शशांक शेखर गुप्ता ने कहा कि बजट में इंडस्ट्रियल ग्रोथ और मैन्युफैक्चरिंग पर दिया गया है। एमएसएमईज को बढ़ावा देने की सरकार की यह मंशा को स्पष्ट करता है। इससे घरेलू मैन्युफैक्चरिंग और प्रतिस्पर्धात्मकता दोनों को बल मिलेगा।

आईआईए की जीएसटी समिति के चेयरमैन कपिल वैश्य ने कहा कि तैयार माल के बजाय कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी कम करना, हाल ही में घोषित ईयू-एफटीए के अनुरूप है। यह नीति लंबे समय में स्वदेशीकरण को मज़बूत करेगी और घरेलू वैल्यू एडिशन बढ़ाएगी। सीए रीना भार्गव ने महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों पर फोकस का स्वागत करते हुए कहा कि शी मार्ट को बढ़ावा देना और सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना एक सशक्त और सकारात्मक पहल है। सीए अशोक सेठ ने कहा कि टीडीएस और टीसीएस में कमी से कारोबारियों के हाथों में अधिक नकदी आएगी, जिससे कैश फ्लो मैनेजमेंट और व्यवसाय विस्तार में मदद मिलेगी।




आईआईए भवन में केंद्र सरकार के बजट का लाइव प्रसारण देखते इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य। अमृत विचार

### नॉन-पॉपुलिस्ट लेकिन ग्रोथ ओरिएंटेड बजट : दिनेश गोयल

- आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सभी क्षेत्रों में भारतीय अर्थव्यवस्था और एमएसएमईज के विकास के प्रति सरकार की मज़बूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट स्पष्ट रूप से भविष्योन्मुखी और विकास-संचालित है। इसके साथ उन्होंने बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग और हाई-स्पीड रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बड़े आवंटन, साथ ही सूक्ष्म उद्योगों के लिए प्रस्तावित एसएमई ग्रोथ फंड, भारत के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को सशक्त करने के साथ एमएसएमई सेक्टर को सीधा लाभ देने की बात कही। उन्होंने इक्विटी स्पोर्ट, एसएमई ग्रोथ फंड, ट्रेड्स प्राप्तियों को एसेट-बैक्ड सिक्योरिटी के रूप में मान्यता, टियर-2 और टियर-3 शहरों पर फोकस, कॉर्पोरेट मित्र पहल और सेक्टर-स्पेसिफिक संरचनात्मक समर्थन को उत्साहजनक बताया।

### जेम-ट्रेंड्स इंटीग्रेशन से सुधरेगी एमएसएमईज की लिक्विडिटी

- आईआईए की बैंकिंग समिति के चेयरमैन केके अग्रवाल ने जेम को ट्रेड से जोड़ने की घोषणा को अहम सुधार बताया। वहीं उन्होंने कहा कि इससे एमएसएमईज की लिक्विडिटी समस्याएं कम होंगी, अधिक सरकारी संस्थान और पीएसयू ट्रेड्स के दायरे में आएंगे और पेमेंट साइकिल तेज़ होगी।

### हाई-टेक टूल रूम और जलमार्गों पर फोकस का स्वागत : अवधेश

- आईआईए के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि हाई-प्रिसिजन कंपोनेंट्स के लिए हाई-टेक टूल रूम की स्थापना, चैंपियन एमएसएमईज का निर्माण और रेयर अर्थ मैग्नेट पर नए सिरे से फोकस, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में घरेलू क्षमताओं को काफी बढ़ाएगा। उन्होंने अगले पांच वर्षों में 22 नए जलमार्गों और कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं की घोषणा को दूरदर्शी कदम बताया।

### एमएसएमई के लिए तत्काल उपायों की कमी : वीके अग्रवाल

- आईआईए के पूर्व अध्यक्ष वीके अग्रवाल ने बजट पर मिश्रित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में एमएसएमई सेक्टर के लिए अपेक्षित स्तर का तात्कालिक समर्थन नहीं दिखता। कई घोषणाएं लंबी अवधि की हैं, जबकि वर्तमान चुनौतियों के समाधान के लिए एक-वर्षीय तत्काल उपायों की ज़रूरत थी।

### पर्यावरण, पर्यटन और रोजगार केंद्रित बजट

- बाबा साहब आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर सनातन नायक बजट में व्यापक आर्थिक उद्देश्यों के रूप में स्थिरता, राजकोषीय अनुशासन, सतत विकास और मध्यम मुद्रास्फीति को शामिल किया गया है। औद्योगिक क्षेत्र के संवर्धन, हरित ऊर्जा, बैंकिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने, प्रत्यक्ष कर संरचना के सरलीकरण और कुछ विशिष्ट क्षेत्रों जैसे जैव-फार्मा, मत्स्य पालन और अन्य अनौपचारिक कृषि क्षेत्रों को अधिक प्राथमिकता दी गई है। इन क्षेत्रों पर दीर्घकाल में रोजगार सृजन और आय वृद्धि के दृष्टिकोण से विशेष बल दिया गया है। विनिर्माण क्षेत्र में उच्च और सतत विकास के लिए नए उपक्रमों तथा उपयुक्त बजट आवंटन की घोषणा की गई है, जैसे दुर्लभ खनिज खनन पर अनुसंधान, सेमीकंडक्टर मिशन, समर्पित रासायनिक पार्क, वस्त्रों के लिए एकीकृत कार्यक्रम तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने हेतु 10 हजार करोड़ रुपये का ग्रोथ फंड दिया गया है। परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया गया है। यह पहल डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना है। विकसित भारत के लिए संतोषजनक बजट है।



## कर्मचारी वर्ग निराश

### कर्मचारी-मजदूर एवं जनविरोधी : लांबा

- अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार के बजट को कर्मचारी-मजदूर, जन विरोधी और कॉरपोरेट-परस्त करार दिया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन के अलावा संविदा, ठेका, आउटसोर्स कर्मियों के नियमितीकरण पर चुप्पी है। 8वें वेतन आयोग को लेकर भी कोई स्पष्ट समय-सीमा या वित्तीय प्रावधान नहीं है। रिक्त पदों की भर्ती और रोजगार सृजन के सवाल को नजरअंदाज किया गया है। बेरोजगारी युवाओं को रोजगार देने की कोई ठोस योजना दिखाई नहीं दे रही है।



### बजट में ईपीएस- 95 पेंशनरों के साथ धोखा

- राष्ट्रीय सचिव/ मीडिया प्रभारी - राजीव भटनागर ने कहा कि ईपीएस-95 पेंशनर बजट से न्यूनतम पेंशन बढ़ोतरी की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन वित्त मंत्री ने बजट में इस पर कोई घोषणा नहीं की। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल आरक्षण में छूट, मुक्त चिकित्सा सुविधा और एफडी पर ब्याज बढ़ोतरी जैसी मांगों को भी नजरअंदाज किया गया। बजट से 81 लाख ईपीएस-95 पेंशनरों में गहरी निराशा और ठगा महसूस करने की भावना व्याप्त है।



### पेंशनर्स और सेवानिवृत्त कर्मचारियों में निराशा

- सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बीएल कुशवाहा ने कहा कि बजट से कर्मचारी, शिक्षक और पेंशनर्स समुदाय निराश हैं। बजट में उनकी प्रमुख मांगों पर कोई घोषणा नहीं हुई। पेंशनर्स को उम्मीद थी कि 8वें वेतन आयोग के विषय में पुराने पेंशनर्स को शामिल किया जाएगा, आयकर स्लैब में बदलाव होगा।



### आयकर के स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं

- उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने कहा कि आयकर के स्लैब में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। कर्मचारियों को इसकी उम्मीद थी। लेकिन सरकार ने शुगर, कैंसर जैसी दवाओं को सस्ता किया है, जिससे आम जनता को काफी राहत मिलेगी। कुल मिलाकर विकास का बजट है, जिससे देश आत्मनिर्भर बनेगा।



### पुरानी पेंशन पर कोई निर्णय नहीं

- नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बजट को सबसे निचले स्तर के कार्यदाई संस्थाओं के श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए निराशाजनक बताया। पुरानी पेंशन को लेकर भी कोई निर्णय न होने पर कर्मचारियों में निराशा है। चिकित्सा सुविधा का सरलीकरण न किये जाने पर कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

# एआई के 'हल' से सोना उगलेंगे खेत, खुशहाल होंगे किसान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में कृषि व बागवानी का उत्पादन बढ़ाने और किसानों को नुकसान से बचाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। कृषि विद्यालय, अनुसंधान संस्थान आदि क्षेत्रों में एआई से शोध व अन्य नवीनतम तकनीकी अपनाई जाएगी। केंद्र सरकार ने इसे बजट-2026 में प्राथमिकता दी है। एआई संबंधित कार्य ''भारत विस्तार'' पोर्टल पर किए जाएंगे। इससे किसानों को समय रहते सही जानकारी मिलेगी और उसी आधार पर फसलें करेंगे।

एआई तकनीक से फसलों पर शोध करके नई प्रजाति विकसित की जा सकेंगी। क्षेत्र में मौसम कब और कैसा रहेगा, मौसम के अनुसार कौन सी फसल अनुकूल रहेगी, मिट्टी में कौन से पोषक तत्व कम हैं और क्या नुकसान की संभावना है यह सब जटिल वैज्ञानिक जानकारी पोर्टल पर किसानों को साझा की जाएंगी। इससे किसान समय पर खाद, बीज और सिंचाई जैसे फैसले ले सकेंगे। केंद्र ने उत्पादन के साथ विविधता पर भी जोर दिया है। यानी गेहूं, धान, मक्का, आलू आदि के साथ कौन सी अन्य फसलें की जाएं, इससे एक तो उत्पादन बढ़े और किसानों की आय दोगुनी की जा सके। विविधता के क्षेत्र में एआई भी कारगर साबित होगा। इसके अलावा इस बार के बजट में हाई वैल्यू फसलों को प्राथमिकता दी गई है। जो जिले पर कृषि व उद्यान विभाग द्वारा किसानों और बागवानों की मांग और जलवायु के आधार पर चिह्नित करके कराई जाएंगी। सरकार ने खाद, बीज, कृषि यंत्र आदि के अनुदान के लिए बजट जारी किया है। इसमें मत्स्य पालन, डेयरी और पोल्ट्री फार्म भी शामिल है। ताकि प्रदेश में दूध, अंडा व मछली का उत्पादन बढ़ाया जा सकेगा। और दूसरे राज्यों से निर्भरता खत्म होगी।

### फसलों का उत्पादन बढ़ेगा : तेग बहादुर

- जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने कहा कि केंद्र का यह बजट फसल उत्पाद और विविधता बढ़ाएगा। हाई वैल्यू की फसलें अनुदान पर प्राथमिकता से कराई जाएंगी। इससे फसलों का उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय दोगुनी होगी। एआई से किसानों को मौसम और फसलों की सही जानकारी मिलेगी।





सरकार का यह बजट कृषि और बागवानी का उत्पादन बढ़ाने पर है। अन्य हाई वैल्यू फसलें भी कराई जाएंगी। प्रोत्साहन के तौर पर सरकार अनुदान देगी। इससे लागत नहीं आएगी बल्कि आय में इजाफा होगा। **– नाजिम उल्ला खान**



बजट में सरकार ने पशुपालन क्षेत्र पर जोर दिया है। इससे खासकर डेयरी का संचालन को बढ़ावा मिलेगा। इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी और आय बढ़ेगी। **– उमाकांत**, गुप्ता पशुपालक



केंद्र का बजट किसान, बागवान सभी के लिए अच्छा है। एआई से समय पर फसलों की सटीक जानकारी मिलेगी। समय-समय पर नई तकनीक का पता चलेगा। जो किसानों के लिए बेहद जरूरी है। **– आशीष गुप्ता**, किसान



## निराशा

आदर्श व्यापार मण्डल ने लाइव प्रसारण देखकर की बजट चर्चा कार्यक्रम

# शुष्क बजट, जनता और व्यापारियों के लिए सीधा कुछ नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल की ओर से शहर के सप्रू मार्ग स्थित रीजेंट्रा सेंट्रल होटल में व्यापारियों, उद्यमियों, अर्थशास्त्रियों ,चार्टर्ड एकाउंटेन्ट, महिलाओं एवं युवाओं ने बजट का लाइव प्रसारण देखा, इस दौरान बजट पर चर्चा भी की गई। इसमें उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि बजट शुष्क है, इसमें आम जनता और व्यापारियों के लिए सीधा कुछ भी नहीं है। विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की पॉलिसी पर भी विचार नहीं हुआ। दक्षिण के राज्यों एवं समुद्र तट पर स्थित राज्यों पर पूरा फोकस किया गया।

संजय ने कहा व्यापारियों को 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा दिए जाने की भी मांग थी। नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह ने कहा कि व्यापारियों को भी स्वास्थ्य बीमा मिलना चाहिए था। महिला इकाई की नगर उपाध्यक्ष वर्तिका शुक्ला ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा महिला व्यापारियों की सुरक्षा के लिए बाजारों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की योजना शुरू करनी चाहिए थी। इस बजट लाइव प्रसारण और चर्चा में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मो.अफजल, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, महिला इकाई की उपाध्यक्ष वर्तिका शुक्ला ट्रांस गोमती अध्यक्ष अंजलि मौर्य, रितु सिंह, मीनू सक्सेना ,मोहम्मद आदिल ,नगर महामंत्री राजीव शुक्ला ,नगर महामंत्री मोहित कपूर ,नगर महामंत्री आशीष गुप्ता शाहिद बड़ी संख्या में व्यापारी ,चार्टर्ड अकाउंटेंट मौजूद रहे।



सप्रू मार्ग स्थित रीजेंट्रा सेंट्रल होटल में बजट का सीधा प्रसारण देखते व्यापारी, अर्थशास्त्री और चार्टर्ड एकाउंटेन्ट।

### कंटेंट क्रिएटर लैब से युवाओं का होगा तकनीकी सशक्तिकरण

- अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए डॉ. दिनेश कुमार, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी ने कहा कि बजट में कंटेंट क्रिएटर लैब के माध्यम से स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को बड़े उद्योगों में प्रयुक्त आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ने की पहल स्वागतयोग्य है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे और देश के मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के लिए रोजगार और नवाचार के नए अवसर खोलने वाली साबित होगी। वहीं, बजट को लेकर शिक्षक एवं कर्मचारी वर्ग में गहरी नाराज़गी देखने को मिल रही है। ऑल इंडिया प्राइमरी टीचर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि शिक्षक-कर्मचारी देश के विकास की मुख्य धुरी हैं, लेकिन बजट में उनकी अनदेखी की गई है। उन्होंने बताया कि आठवें वेतन आयोग और पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर कोई चर्चा नहीं की गई।

# जन आकांक्षाओं को सशक्त बनाने वाला है ये बजट

- लखनऊ शाखा आईसीएआई की बजट बैठक में की गई तारीफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय बजट-26 पर चर्चा के लिए लखनऊ शाखा ऑफ आईसीएआई (सीआईआरसी) की ओर से बजट बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का समन्वय शाखा की प्रबंध समिति के सदस्य सीए अंशुल अग्रवाल ने किया, जिसमें लखनऊ और आसपास के शहरों के अनेक चार्टर्ड अकाउंटेंट सदस्यों ने भाग लिया।

सीए अनुराग पांडेय अध्यक्ष, लखनऊ शाखा ऑफ आईसीएआई (सीआईआरसी) ने बताया कि बजट भाषण में वित्त मंत्री ने तीन प्रमुख बिंदुओं जिसमें आर्थिक विकास को गति देना, लोगों की आकांक्षाओं को सशक्त बनाना के साथ सबका साथ, सबका विकास के तहत समावेशी विकास पर जोर दिया। बजट-26 में औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, 7 हाई-स्पीड ग्रोथ कॉरिडोर, 12.2 लाख करोड़ का सार्वजनिक कैपेक्स, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 और बायोफार्मा शक्ति जैसी अहम घोषणाएं की गईं।

इसके साथ ही कर और अनुपालन के मोर्चे पर टीसीएस दरों का तर्कसंगतीकरण, ओवरसीज टूर पैकेज और एलआरएस के तहत शिक्षा और चिकित्सा पर टीसीएस में कमी, रिटर्न संशोधन की समय-सीमा 31 मार्च तक बढ़ाना तथा मोटर दुर्घटना दावा ट्रिब्यूनल से प्राप्त ब्याज को करमुक्त करने जैसे प्रस्ताव शामिल रहे।

स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में कैंसर की 17 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी छूट, तीन नए ऑल इंडिया आयुर्वेद संस्थान और प्रत्येक जिले में बालिका छात्रावास स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया। वहीं बैठक में सदस्यों ने बजट प्रावधानों के आर्थिक, कर और पेशेवर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की।

# राजा रामपाल सिंह पार्क में सजा बावर्ची टोला

## महिंद्रा सनतकदा लखनऊ फेस्टिवल के तीसरे दिन सफ़ेद बारादरी में हस्तशिल्पियों की कारीगरी भी देखने को मिली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महिंद्रा सनतकदा लखनऊ फेस्टिवल के तीसरे दिन राजा रामपाल सिंह पार्क में बावर्ची टोला सजाया गया और सफ़ेद बारादरी में हस्तशिल्पियों की कारीगरी देखने को मिली। बारादरी में हस्तशिल्प प्रदर्शनी देखने के लायक है। शांतनु गुहा की कांथा कला को देखकर लोग मोहित हो गए।

ओडिशा के खोरधा जिले के धलापाठर से हथकरघा आधारित देबराज साहू की पहल ढलापत्थर पर्दा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पारम्परिक कपास की बुनाई को जिन्दा रखने का काम कर रही है। यह दुर्लभ हथकरघा परम्परा है, जो ओडिशा की रंगानी समुदाय से जुड़ी है। चटखदार पर्दे और साड़ियां बनाने के लिए इसमें हाथ से काता धागा और आम-जामुन जैसे फलों से बने प्राकृतिक रंग इस्तेमाल होते हैं। दुल्हन की पोशाक के रूप में मशहूर ये साड़ियां आज भी जीवंत परंपरा बनी हुई हैं और 2012 में इसे जीआई टैग मिला।राजा रामपाल सिंह पार्क में सजे बावर्ची टोला (फ़ूड फेस्टिवल) में लखनऊ के खाने की विरासत को सलाम किया। जो घरों, यादों और रोजमर्रा में बसती है। फेस्टिवल ने पीढ़ियों से चले स्वादों को शहरों के पार लाकर जोड़ा। इस बार घरेलू अंदाज का बड़ा मेन्यू था। बोटी कबाब, मुर्ग कोफ्ते का सालन, मुर्ग जाफरानी, मुर्ग चटखारा, कायस्थाना गोश्त, लाल मिर्च का कीमा, कलकत्ता फिश करी वगैरह। शाकाहारी मेहमानों ने उदार अवधी, लखनवी, पंजाबी, मारवाड़ी और देहाती थाली का लुत्फ उठाया। शाही टुकड़े जैसे डेजर्ट को भी शामिल किया गया।

फेस्टिवल की थीम राब्ता : लखनऊ-कलकत्ता के अनुरूप रविवार फूड फेस्टिवल में मंजिलत फातिमा ने अपना मशहूर मटन रेजाला पेश किया। खाने को सांस्कृतिक पुल बताते हुए उन्होंने कहा कि खाना अक्सर शहरों और पीढ़ियों पार यादें लेकर चलता है। मंजिलत फातिमा नवाब वाजिद अली शाह की परपौत्री हैं।

### शास्त्रीय संगीत के दो बड़े कलाकारों की जुगलबंदी

- फेस्टिवल के सांस्कृतिक आयोजन में हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के दो बड़े कलाकारों की जुगलबंदी देखने को मिली। लखनऊ-शाहजहांपुर घराने के सबसे पुराने और मशहूर सरोद वादकों के वंशज उस्ताद इरफान मोहम्मद खान जाने-माने सरोद वादक और हिंदुस्तानी संगीत के विद्वान-इतिहासकार हैं। दोस्त उन्हें अपनी घराने का खलीफा कहते हैं। उनके साथ तबले पर उस्ताद इल्मास हुसैन खान संगत कर रहे थे।अपूर्वा शाह और एशा खातून द्वारा निर्देशित थीम फिल्म ''राब्ता लखनऊ कलकत्ता का'' डॉक्यूमेंट्री स्टाइल फिल्म है। संगम और संमिश्रण के विचार पर बनी ये फिल्म दो लोगों की समांतर यात्रा दिखाती है। जहां हर कोई एक शहर के टुकड़े दूसरे में खोजता है। फोटोग्राफर तस्वीर हसन लखनऊ में कलकत्ता तलाशते हैं, जबकि विजुअल आर्टिस्ट सौम्यदीप रॉय कलकत्ता में लखनऊ के निशान ढूंढते हैं।

## 24.1 डिग्री सेल्सियस के साथ लखनऊ प्रदेश में सबसे गर्म रहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हवाओं में परिवर्तन तथा वायुमंडलीय अस्थिरता बढ़ने से कोहरे की परत में कमी आने के कारण रविवार को राजधानी लखनऊ 24.1 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश में सबसे गर्म दिन रहा। मौसम में बदलाव के कारण शनिवार के मुकाबल रविवार को अधिकतम तापमान में करीब 5 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान करीब 1 डिग्री सेल्सियस गिरकर 7.6 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार 4 फरवरी तक राजधानी और आस-पास बादल छाये रहेंगे और शाम के समय बूंदाबांदी के आसार हैं।

## सिटी ब्रीफ

### जानकीपुरम सेक्टर-जे में बनेगा स्टेडियम

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधायक डॉ. नीरज बोरा ने रविवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की योजना के अंतर्गत जानकीपुरम सेक्टर-जे स्थित खेल मैदान पर आधुनिक स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। सेंट मैरी हॉस्पिटल के पीछे स्थित खेल मैदान पर डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से स्टेडियम बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि खेल मैदान केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि सरकार शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि युवा पीढ़ी को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा मिल सके। भाजपा लखनऊ उत्तर मंडल पांच के अध्यक्ष संजय तिवारी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, पार्षद राजकुमारी मौर्य, निशा तिवारी, दीपक लोधी, सतीश वर्मा सहित लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### नर्सें काला फीता बांधकर करेंगी विरोध

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेस फेडरेशन, नई दिल्ली के आह्वान पर राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश की नर्सें सोमवार से पांच फरवरी तक काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगी। इसी क्रम में छह जनवरी को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर राष्ट्रीय स्तर का शांतिपूर्ण आंदोलन आयोजित किया जाएगा। राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि आठवें वेतन आयोग में नर्सिंग से जुड़ी न्यायसंगत सिफारिशें शामिल किए जाने, नर्सिंग कैडर की मूल संरचना की पुन: बहाली, आउटसोर्सिंग एवं संविदा प्रथा पर रोक लगाने जैसी प्रमुख मांगें आंदोलन के केंद्र में हैं। उन्होंने बताया कि अन्य प्रमुख मांगों में सुरक्षित नर्स-रोगी अनुपात सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की भर्ती, समान कार्य के लिए समान वेतन, समयबद्ध पदोन्नति, करियर ग्रोथ, लंबित भत्तों का भुगतान तथा नर्सिंग पेशे में अनावश्यक हस्तक्षेप समाप्त किया जाना शामिल है। अशोक कुमार ने कहा कि यह आंदोलन किसी एक राज्य या संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर की नर्सों की साझा आवाज है। नर्सिंग स्टाफ लंबे समय से उपेक्षा का सामना कर रहा है और अब अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए संगठित होकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहा है।



झूलेलाल वाटिका में बनाए गए मंच से मां गोमती की आरती करतीं महंत दिव्या गिरी व अन्य। अमृत विचार

## माघ पूर्णिमा पर की गई गोमती की महाआरती

**अमृत विचार, लखनऊ :** माघ पूर्णिमा पर सनातन महासभा की ओर से गोमती तट स्थित झूलेलाल वाटिका में रविवार को गोमती की महाआरती और सनातन समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिवाराम मिश्र के मार्गदर्शन में संगीतमयी सुंदरकांड से हुई। सात विशाल मंचों से स्वामी आनंद नारायण, शिवाराम मिश्र एवं आनंद शेखर सिंह की देखरेख में शंखनाद और डमरू की गूंज के बीच महाआरती कराई। आरती के बाद घाट पर 501 दीप जलाए गए। शुभम के कथक नृत्य और शशि गुप्ता, मीरा तिवारी व गीता निगम के भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि इस वर्ष को गोमती बचाओ अभियान वर्ष के रूप में मनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं के लिए रामायण व गीता पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। इस अवसर पर धर्म विस्तार के लिए 11 पदाधिकारियों को गंगाजल व कृपाण भेंट कर संकल्पित कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास मिश्र ने किया। इस अवसर पर रवि कचरू, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुधांशु शुक्ल, तेजस्वी गिरि, सुनीता गोस्वामी, अतुल तिवारी, मधुबाला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लोकबंधु अस्पताल में फ्रैक्चर के मरीजों का नि:शुल्क इंप्लांट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नि:शुल्क इंप्लांट मुहैया कराने वाला प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल हर वर्ग के मरीजों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार :** लोकबंधु अस्पताल में फ्रैक्चर से पीड़ित मरीजों के लिए निःशुल्क इंप्लांट की सुविधा शुरू कर दी गई है। दावा किया जा रहा है कि प्रदेश में यह सुविधा शुरू करने वाला लोकबंधु पहला सरकारी अस्पताल है। अस्पताल प्रशासन ने यह व्यवस्था अपने बजट से लागू की है, जिससे अब आयुष्मान और बीपीएल कार्ड धारकों के साथ-साथ अन्य मरीजों को भी स्टेनलेस स्टील इंप्लांट निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि यह सुविधा 15 जनवरी से लागू की गई है। अब सड़क दुर्घटना, घर या अन्य स्थानों पर चोट लगने से फ्रेक्चर होने की स्थिति में मरीजों का इंप्लांट लोकबंधु अस्पताल में निःशुल्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले गैर-आयुष्मान मरीजों को स्टेनलेस स्टील रॉड या प्लेट के लिए हजारों रुपये खर्च करने पड़ते थे।

डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि अस्पताल की पूर्व निदेशक डॉ. संगीता गुप्ता एवं सीएमएस डॉ. राजीव दीक्षित के प्रयासों से इस महत्वपूर्ण सुविधा को शुरू करने में सहयोग मिला। शनिवार को सेवानिवृत्त हुईं डॉ. संगीता गुप्ता को स्टाफ की ओर से समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। अस्पताल प्रशासन ने निःशुल्क इंप्लांट व्यवस्था के लिए अलग से बजट निर्धारित किया है। मरीजों को स्टेनलेस स्टील का इंप्लांट निःशुल्क लगाया जा रहा है, जबकि टाइटेनियम या अन्य प्रकार के इंप्लांट की मांग करने पर मरीज को भुगतान करना होगा। आर्थोपेडिक विभाग में पांच हड्डी रोग विशेषज्ञों की टीम द्वारा इंप्लांट सर्जरी की जा रही है।

### गोमती से तीन क्विंटल कचरा निकाला

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ पर्यावरण सेना ने रविवार को स्वच्छता अभियान चलाकर गोमती नदी की तलहटी से लगभग 3 क्विंटल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने सुबह 6 से 8 बजे तक झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर अभियान चलाया। इसके बाद सरकार से नदी में गिरने वाले नालों को बंद करने की मांग की।

## मरणोपरांत में दिखाई प्रेम त्रिकोण की दास्तान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### नाटक का मंचन

अमृत विचारः बैक स्टेज सोशल एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से रविवार को संस्कृति विभाग के सहयोग से कैसरबाग स्थित इप्टा कार्यालय के बलराज साहनी सभागार में नाटक मरणोपरांत का मंचन किया गया। सुरेन्द्र वर्मा लिखित और अंशुमान दीक्षित निर्देशित नाटक में दुर्घटना में जान गंवा चुकी महिला के पति और प्रेमी के बीच होने वाली मुलाक़ात को आधार बनाया गया है।

नाटक एक प्रेमी और प्रेमिका के पति की मुलाकात से शुरू होता है। दोनों में उसको लेकर वार्तालाप होता है। पत्नी और प्रेमिका के रूप में जो अब इस दुनिया में नहीं है। जो किसी एक की प्रेमिका थी और दूसरी तरफ किसी की पत्नी थी। दोनों संबंधों को निभाते हुए जीवन जी रही थी। अचानक दुर्घटना होने के कारण अब इस दुनिया में नहीं है। पति को अचानक उसके पर्स से एक डिब्बी और कागज मिलता है। पति द्वारा जानकारी करने पर फोन नम्बर मिलता है और दोनों एक जगह मिलने का निर्णय करते हैं। पहले दोनों व्यक्ति अपने अन्तर्द्वन्द्व को प्रकट करते हैं, फिर इस दुनिया से विदा पत्नी और प्रेमिका को साबित करने में लग जाते हैं। नाटक में रूपल अग्रवाल और राहुल प्रताप सिंह ने सराहनीय भूमिका निभाई। नाटक का मंचन उत्तर प्रदेश दिवस स्थापना के अवसर पर किया गया।



बलराज साहनी सभागार में नाटक का मंचन करते कलाकार।

## अवार्ड मिलने पर मौलाना जवाद का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव और एतिहासिक आसिफी मस्जिद के इमाम-ए-जुमा मौलाना कल्बे जवाद नकवी को बीते दिनों ईरान में मिले अंतरराष्ट्रीय इमाम खुमैनी अवार्ड के बाद हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में रविवार को उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फजलुल मन्नान रहमानी, स्वामी सारंग, भंते दीपांकर, शाहमीना शाह की मजार के एजाज अली मीनाई, खानकाहे काकोरी शरीफ के बद्र अली, सपा नेता नीतेन्द्र यादव, रालोद नेता अनूप मिश्रा, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, आम आदमी पार्टी के प्रीत पाल सिंह सलूजा के अलावा मौलाना सरताज हैदर, मौलाना रजा हैदर जैदी, मौलाना तसनीम मेहदी, मौलाना मंजर अली आरफी, कानपुर से आए मौलाना अलमदार हुसैन, जौनपुर से आए मौलाना अली अब्बास रिजवी ने संबोधित किया। वक्ताओं ने मौलाना कल्बे जवाद नकवी के सामाजिक क्षेत्र में किये कामों की सराहना करते हुए ईरान में सम्मानित किये जाने पर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन मौलाना आदिल फराज नकवी ने किया।



छोटे इमामबाड़े में मौलाना कल्बे जवाद के सम्मान में हुआ जलसा।

- छोटे इमामबाड़े में सभी धर्मों के लोगों ने किया मौलाना जवाद का स्वागत

## शब-ए-बरात को लेकर बैठक हुई

**अमृत विचार लखनऊ :** शब-ए-बरात के संबंध में इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से रविवार को ऐशबाग ईदगाह में इस्लामिक सेंटर, ईदगाह कमेटी और लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि जो लोग अपने मरहूम रिश्तेदारों के ईसाले सवाब के लिए कब्रिस्तान जाएं, वे वहां पार्किंग के लिए निर्धारित स्थान पर ही अपनी गाड़ी खड़ी करें। इस रात आतिशबाज़ी न करें, मोटरसाइकिलों से स्टंट न करें और दूसरे फिजूल कामों से परहेज़ करें। इस रात अपने लिए, अपने घरवालों के लिए, देश व क़ौम के लिए तरक़्क़ी और अमन-ओ-अमान की दुआएं करें।

आयोजन | तीन दिवसीय शारंगदेव महोत्सव का समापन

## कालका बिंदादीन की ड्योढ़ी पर सजी संगीत और नृत्य की महफिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय और महागामी गुरुकुल कला एवं शोध संस्थान, छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय शारंगदेव महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन कालका बिंदादीन की ड्योढ़ी पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पंडित मोहन राव कल्याणपुरकर द्वारा पंडित बिंदादिन महाराज द्वारा रचित आरती माधवी जोशी का गाया हुआ (रिकॉर्डिंग) के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

समापन समारोह में गुरु पार्वती दत्ता ने विद्यार्थियों को ध्यान के कुछ अभ्यास कराए। बाद में बंशीधर पिनाक धर द्वारा ध्रुपद पर कथक नृत्य का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में गायन व हारमोनियम पर आरिफ मोहम्मद और पखावज पर राजीव रंजन ने संगत की। महोत्सव के तीसरे और समापन दिवस पर कालका बिंदादीन की ड्योढ़ी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह, पद्मश्री दर्शना झावेरी, पूर्व कुलपति प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय, महागामी संस्थान की निदेशक पार्वती दत्ता एवं विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, सहायक आचार्य डॉ. रूचि खरे की मौजूदगी रही।

कार्यशाला में विश्वविद्यालय एवं अन्य संस्थानों से आए शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने संगीत एवं नृत्य से संबंधित शास्त्रीय, तकनीकी एवं सौंदर्यात्मक पक्षों पर आधारित प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पार्वती दत्ता एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापक ज्ञानेन्द्र दत्त बाजपेयी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रूचि खरे एवं कुछ शोधार्थियों ने कथक गुरुओं को कथक की पुष्पांजलि अर्पित की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में अध्ययनरत शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं कथक नृत्य की समृद्ध परंपरा, संगीत की तकनीकी बारीकियों तथा महान कला विभूतियों की साधना, जीवन मूल्यों एवं सांस्कृतिक योगदान से परिचित कराना है।

पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज की स्मृति में स्थापित चेयर के अंतर्गत विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष भर व्याख्यान, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां तथा शोधपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिससे संगीत शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक सहभागिता को नई दिशा मिलेगी। समापन दिवस पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने विश्वविद्यालय शिक्षा में प्रयोग, शास्त्र, परम्परा व अनुसंधान के महत्व को समझाते हुए महागामी और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस समारोह को अत्यंत सफल बताया।



शारंगदेव महोत्सव में नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार। अमृत विचार

## सिटी डायरी



संत रविदास को नमन करते भाजपा महानगर अध्यक्ष व अन्य।

### संत रविदास की जयंती मानवता का उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ :** संत रविदास जयंती के अवसर पर गोमतीनगर के मिठाई वाला चौराहे पर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संत शिरोमणि रविदास की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास की जयंती केवल एक त्योहार नहीं बल्कि मानवता, समानता और भाईचारे का उत्सव है। संत रविदास ने समाज में फैली बुराइयों को जड़ से समाप्त करने के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा हमें आज भी सही राह दिखाते हैं। एमएलसी रामचंद्र प्रधान ने भी विचार रखे। अनुसूचित मोर्चा उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक इंदल गौतम, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, विनायक पांडे, चेतन बिष्ट, आनंद पांडे, युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, महामंत्री अमित त्रिपाठी मौजूद रहे।



अधिकारियों को ज्ञापन देते किसान नेता व अन्य।

### जनसमस्याओं को लेकर दिया धरना

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित अंधे की चौकी के पीछे इलाके में भारतीय किसान मजदूर यूनियन संगठन (दशहरी) के अध्यक्ष मनीष यादव के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन शुरू किया गया। इसमें लोगों ने आरोप लगाया कि इलाके में जलभराव, बजबजाती नालियां, टूटी सड़क और पुलिया जैसी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने की सूचना पर इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के साथ नगर निगम के एक्सईएन, जेई और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी पहुंचे। वार्ता में तय हुआ कि 4 तारीख को नगर आयुक्त के साथ बैठक की जाएगी।




लायंस प्रतिनिधि को चाभी देते हुए विधायक डॉ. नीरज बोरा।

### लायंस ब्लड बैंक को मिली एंबुलेंस

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधायक डॉ. नीरज बोरा ने विधान मंडल क्षेत्रीय विकास निधि से लायंस ब्लड बैंक को एंबुलेंस प्रदान की। इस एंबुलेंस के उपलब्ध होने से रक्तदान, रक्त संग्रह एवं आपूर्ति व्यवस्था के साथ-साथ आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। रविवार को सीतापुर रोड स्थित एक होटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम को विधायक ने संबोधित भी किया। लायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम चंद्र मिश्र, लायन मुकेश जैन, लायन परमजीत सिंह, लायन दलजीत सिंह, लायन विनीत श्रीवास्तव, लायन अशोक कुमार गौतम, लायन आनंद अरुणेश सहित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




स्वास्थ्य मेले में आए लोग और स्वास्थ्य कर्मी।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 4,198 लोगों ने लिया लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनपद के सभी शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आजाद नगर का निरीक्षण किया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि मेले में 4,198 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

## सिटी ब्रीफ

### यूपी टीम आज से शुरू करेगी अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ:** ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट सोमवार से शुरू होगा। पहले दिन मेजबान उत्तर प्रदेश टीम मैच खेलेगी। गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्म मोहम्मद शाहिद हॉकी टर्फ पर मेजबान टीम का मुकाबला मेजर ध्यानचंद हरियाणा से होगा। केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देखरेख में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि 1980 मास्को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मार्विन फर्नांडिस खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर करेंगे। पूर्व ओलंपियन सुजीत कुमार और सैयद अली भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। मालूम हो कि मेजबान यूपी टीम पिछले संस्करण में उपविजेता रही थी और इस बार खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों की शुरुआत रविवार सुबह से ही हो जाएगी। पहले मुकाबले में होली वर्ल्ड पंजाब और जय हॉकी अकादमी आमने-सामने होंगी।

### आरव के अर्धशतक से सीएएल यूनिकार्न जीता

**अमृत विचार, लखनऊ:** एपी सिंह ट्रॉफी के लिए आयोजित रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए लीग मुकाबले में आरव सिंह की विस्फोटक बल्लेबाजी के चलते सीएएल यूनिकार्न ने सीएएल यलो को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। मुकाबला ब्लेज विलो ग्राउंड पर खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएएल यलो की टीम 24.4 ओवर में 132 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। प्रफुल्ल तिवारी ने सर्वाधिक 24 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में यूनिकार्न की ओर से वंश तिवारी ने दो विकेट लिए, जबकि प्रांजल, यर्थाथ और तरुण शाही को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएएल यूनिकार्न ने केवल एक विकेट गंवाकर जीत दर्ज कर ली। आरव सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद 53 रन बनाए और टीम को आसान जीत दिलाई। दिन के दूसरे लीग मैच में सीएएल चैलेंजर्स ने सीएएल वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया।

### कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा रविवार को लखनऊ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। सुबह 10 से 12 बजे तक एक पाली में परीक्षा कराई गई। अभ्यर्थियों की जांच के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा में विभिन्न विभागों के अधीन कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों पर चयन किया जाना है। हालांकि परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों का कहना है कि इसके बाद अन्य कोई परीक्षा ली जाएगी या सीधे नियुक्ति मिलेगी। इसे लेकर अभ्यर्थियों में असमंजस बना हुआ है। इस परीक्षा को लेकर आयोग द्वारा कुल 9 जनपदों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### फ्लाइट कैडेट रुद्राक्ष ने बढ़ाया प्रदेश का मान

**अमृत विचार, लखनऊ:** ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र फ़्लाइट कैडेट रुद्राक्ष चौधरी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इंटर-यूनिट और इंटर-बटालियन प्रतियोगिताओं के कठिन प्रारंभिक दौर से लेकर दिल्ली के गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) के मंच तक पहुंचना और एनसीसी एयर विंग में ऑल इंडिया चौथा सर्वश्रेष्ठ कैडेट चुने गए। उत्तर प्रदेश निदेशालय के 'सर्वश्रेष्ठ कैडेट' के रूप में चयन से पहले उन्होंने इंटर-ग्रुप स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया में उन्होंने सटीक फायरिंग, परफेक्ट ड्रिल, लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और उच्च-स्तरीय साक्षात्कार जैसे अनेक मानकों पर अपनी क्षमता सिद्ध की।

### 1576 स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश आज

**अमृत विचार, लखनऊ:** शिक्षा के मौलिक अधिकार नियम के तहत आज से निजी विद्यालयों में कक्षा एक से लेकर आठवीं तक के बच्चों का प्रवेश आरंभ हो रहा है। लखनऊ जिले के 1576 निजी स्कूलों के 21 हजार सीटों पर छात्रों का प्रवेश किया जाना है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक निजी विद्यालय को नियमों के तहत कुल सीटों के करीब 25 प्रतिशत पर आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों का प्रवेश लेना अनिवार्य है। इसबार बड़ा बदलाव बताया जा रहा है कि किराए के मकान में रहने वाले अभिभावकों के बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय तिवारी ने बताया कि प्रवेश के लिए नियम वेबसाइट पर मौजूद है। जिसे देखकर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। जिन छात्रों को प्रवेश लेना है उनका आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और फोटो आदि दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। जिसे स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य यूजर आईडी से दस्तावेजों की जांच कर सकेंगे।



गोमती नगर स्थित 1090 चौराहे से रविवार को वॉक फॉर हर का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों में संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया। अमृत विचार

# लखनऊ सिटी रन में प्रदीप और पंकज अव्वल

## पांच किमी दौड़ में आकाश दूसरे, अनुराग तीसरे और 10 किमी में इस्लाम व सिंटू रहे द्वितीय व तृतीय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आईआईएम (भारतीय प्रबंधन संस्थान) की ओर से आयोजित मेनफेस्ट-वर्चस्व के लखनऊ सिटी रन के पांच किलोमीटर श्रेणी में प्रदीप कुमार विजेता बने। आकाश तिवारी दूसरे और अनुराग सरोज तीसरे स्थानपर रहे। 10 किमी श्रेणी में पंकज यादव पहले, इसलाम अली दूसरे और सिंटू सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

दौड़ के लिए चार हजार लोगों ने पंजीकरण कराया था। सुबह 6 बजे ही उत्साही युवाओं का हूजूम लोहिया पार्क पर पहुंच गया। दौड़ में 3 हजार लोग पहुंचे। 5 किमी और 10 किमी की कैटेगरी में आयोजित यह दौड़ लोहिया पार्क से आरंभ होकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक हुई। हर साल फरवरी में होने वाली इस दौड़ का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। दौड़ के बाद टॉप 3 विजेताओं को मेडल और गिफ्ट हैम्पर दिए गए। जबकि हर कैटेगरी के टॉप 100 रनर्स को भी सम्मानित किया गया। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला धावकों को रोजट्री स्टार मेंबरशिप दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रोफेसर, उद्योग जगत और राजनीति से जुड़े गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



आईआईएम और समाज कल्याण की ओर से स्वस्थ जीवन शैली का संदेश देने के लिए निकाली गई सिटी रन में शामिल प्रतिभागी।

### एलपीएल में स्थानीय खिलाड़ियों की अनदेखी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ प्रीमियर लीग के आयोजन को लेकर क्रिकेट जगत में विवाद खड़ा हो गया है। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ की ओर से आयोजित इस लीग में शहर के स्थानीय और युवा खिलाड़ियों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया गया है। लखनऊ क्रिकेट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष हैदर रज़ा ने आरोप लगाया कि सीएएल ने लखनऊ प्रीमियर लीग के नाम पर युवाओं को बड़ा सपना दिखाया, लेकिन चयन प्रक्रिया में उनके साथ अन्याय किया गया। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के चयन के लिए आयोजित ट्रायल में पंजीकरण के नाम पर प्रति खिलाड़ी 1000 रुपये लिए गए, लेकिन ट्रायल में भाग लेने वाले और चयनित बताए गए कई खिलाड़ियों के नाम नीलामी प्रक्रिया में दिखाई ही नहीं दिए। सोसाइटी अध्यक्ष ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में स्थानीय क्रिकेट संघों की ओर से लीग का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन अन्य जिलों की लीगों में लखनऊ के खिलाड़ियों को मौका नहीं दिया जाता। इसके विपरीत, लखनऊ प्रीमियर लीग में बाहर के शहरों के खिलाड़ियों को शामिल किया जा रहा है, जो राजधानी खिलाड़ियों के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने यह भी साफ किया कि यह तर्क दिया जा रहा है कि बाहर के खिलाड़ी लखनऊ के किसी क्लब से पंजीकृत हैं, इसलिए उन्हें खेलने का मौका दिया गया। लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि जो खिलाड़ी अब भी अपने मूल जिलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और लखनऊ की ओर से बाहरी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेते, उन्हें लखनऊ की लीग में फ्रैंचाइज़ी के माध्यम से पैसा देकर खिलाने का क्या औचित्य है। लखनऊ क्रिकेट डेवलपमेंट सोसाइटी ने मांग की है कि नीलामी में सी-ग्रेड की श्रेणी में रखे गए शहर के युवा खिलाड़ियों को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ प्रीमियर लीग में खेलने का अवसर दिया जाए, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का उचित मंच मिल सके।

### केवीजीएन ने स्मैश क्रिकेट क्लब को दी पांच विकेट से मात

**अमृत विचार, लखनऊ:** आरडीएसओ स्टेडियम में रविवार को खेले गए चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में केवीजीएन ने स्मैश क्रिकेट क्लब के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। स्मैश क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 125 रन बनाए। टीम की ओर से पीयूष ने 27 और विमल श्रीवास्तव ने 18 रन बनाये। केवीजीएन की गेंदबाजी में हैरी ने दो विकेट झटके, जबकि बलबीर नेगी, राशिद, अमित मदान और रेहान को एक-एक विकेट की सफलता मिली। जवाब में उतरी केवीजीएन ने 17 ओवर में पांच विकेट पर 126 रन बनाते हुए मैच अपने नाम किया। मो. जावेद ने 36 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 39 रन बनाए, जबकि रेहान ने नाबाद 35 रन की उपयोगी पारी खेली। इस प्रदर्शन के लिए मो. जावेद को मैन ऑफ द मैच चुना गया। केवीजीएन की इस जीत ने टूर्नामेंट में उनकी स्थिति को मजबूत कर दिया है।

# कबड्डी में छा गए चौक स्टेडियम के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अंडर-19 और 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ट्रॉफी जीती

**अमृत विचार:** कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-19 और 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की ट्रॉफी पर चौक स्टेडियम के बालकों ने कब्जा कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य और क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष इं. अवनीश कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि एमएलसी व उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती अंगद सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

क्रीड़ा भारती लखनऊ महानगर ने प्रतियोगिता का आयोजन कराया। खो-खो में महिला वर्ग अंडर-19 में गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज और 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में सेंट क्लीयर स्कूल, दुबग्गा ने खिताब जीता। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिपांशी सोनी और अंजलि यादव की सराहना की गई। बालक वर्ग अंडर-19 में गांधी विद्यालय, आलमबाग और 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में हनुमान क्लब ने ट्रॉफी अपने नाम की। इस वर्ग में शिवा और सुधांशु यादव बेहतर प्रदर्शन किया। कबड्डी में अंडर-19 (जूनियर) बालिका वर्ग में आरएस स्पोर्ट्स ने प्रथम और बाराबंकी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर-19 (जूनियर) बालक वर्ग में चौक स्टेडियम प्रथम और युवा एकेडमी द्वितीय स्थान पर रही। 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक वर्ग में भी चौक स्टेडियम ने पहला और लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। क्रीड़ा भारती लखनऊ महानगर के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रान्त अध्यक्ष गोविन्द पाण्डेय, सहमंत्री अनुज कुमार सिंह, युवा प्रमुख सत्यम कनौजिया, संपर्क प्रमुख मनोज सिंह सहित महानगर पदाधिकारी आकांक्षा रस्तोगी, गौरव निगम, तुषार सिन्हा और ऋषभ द्विवेदी मौजूद रहे।



अटल खेल महोत्सव में जीत के लिए जोरआजमाइश करते खिलाड़ी।

### प्राइजमनी और पदकों को लेकर हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अटल खेल महोत्सव का समापन विवादों के साए में हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्राइजमनी और पदकों के वितरण को लेकर खिलाड़ियों ने जमकर हंगामा किया। खिलाड़ियों और आयोजकों के बीच देर शाम तक तीखी नोकझोंक होती रही, जिसे काफी मशक्कत के बाद शांत कराया गया। खिलाड़ियों का आरोप है कि आयोजकों ने पूर्व में घोषित की गई प्राइजमनी के अनुसार धनराशि का वितरण नहीं किया। इसके साथ ही, उन्होंने पदकों के वितरण में धांधली और हेरफेर के गंभीर आरोप भी लगाए। कई विजेताओं का कहना था कि उन्हें अब तक उनके पदक प्राप्त नहीं हुए हैं। क्रीड़ा भारती (लखनऊ) के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि घोषणा के अनुरूप ही पुरस्कार राशि वितरित की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि पदकों के वितरण में कोई तकनीकी त्रुटि हुई है, तो उसे जल्द ही सुधार लिया जाएगा और सभी पात्र विजेताओं को उनके पदक दे दिए जाएंगे।

# व्यापारी ने ऑनलाइन रस्सी मंगाकर लगा लिया फंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नहीं मिला सुसाइड नोट
- सआदतगंज इलाके की घटना



**अमृत विचार:** सआदतगंज स्थित हर्षपुरम कॉलोनी में सर्जिकल सामान की सप्लाई करने व्यापारी ने ऑनलाइन आर्डर कर रस्सी मंगवायी। उसके बाद घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर सआदतगंज संतोष आर्या ने बताया कि खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो पायी है।

कैंपवेल रोड स्थित हर्षपुरम कॉलोनी निवासी अशोक श्रीवास्तव रेलवे में लोको चालक पद से रिटायर्ड हैं। बेटे अमित ने बताया कि छोटा भाई सुमित (36) ऑनलाइन सर्जिकल की सप्लाई का काम करता था। शनिवार दोपहर करीब पौने दो बजे सुमित चाय नाश्ता करने के बाद काम पर चला गया। शाम करीब पांच बजे मोहल्ले के बच्चे खेलते हुए दूसरे घर के कमरे में चले गए। वहां सुमित को लटका देखकर बच्चे चींखने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। देखा तो सुमित कुंडे के सहारे रस्सी से लटक रहा था। स्थानीय लोगों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मोबाइल को कब्जे में लेकर छानबीन की तो पता चला कि सुमित ने खुदकुशी से पहले ऑनलाइन रस्सी मंगवायी थी। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# सर्राफा कारोबारी से लाखों के आभूषण लूटे

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बंथरा इलाके में दो बाइक सवार तीन बदमाशों ने की वारदात

**अमृत विचार:** बंथरा थाना क्षेत्र स्थित बनी गांव में दो बाइकों पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर सर्राफा व्यवसायी से करीब 32 लाख के दो सौ ग्राम सोने के जेवर व 70 जोड़ी चांदी की पायल लूट ली। विरोध पर गोली मारने की धमकी देकर बदमाश झोला छीनकर भाग निकले। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा और बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

बनी गांव निवासी सराफ उदय की जुनाबगंज में उदय ज्वैलर्स नाम से दुकान है। बड़े भाई जय सिंह ने बताया कि छोटा भाई दुकान पर बैठता है। रविवार को वह किसी काम से बाजार गया था, जबकि वे खुद किसी काम से सरोजनीनगर तहसील गए थे। शाम करीब साढ़े सात बजे जय सिंह दुकान से जेवर झोले में रखकर बाइक से घर जा रहे थे। घर से कुछ दूरी पहले राम-लखन के मकान के पास पहुंचे, तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया।

बदमाशों ने तमंचा तानकर जयसिंह से करीब 70 जोड़ी चांदी की पायल और करीब 200 ग्राम सोने के गहने लूट लिए। विरोध करने पर गोली मारने की धमकी दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने लूट की सूचना पुलिस को दी। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। एसीपी का कहना है कि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**जांच** | रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को गोली मारने वालों की तलाश में जुटी आठ टीमें खाली हाथ

# 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, दो बाइक सवार चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी में शुक्रवार देर रात को हुई थी घटना

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को गोली मारने के आरोपियों की तलाश में पुलिस ने 48 घंटे में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इस दौरान हमला करने वाले दो बदमाशों को चिह्नित किया गया है। हालांकि पुलिस के हाथ कोई आरोपी नहीं लगा है। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की आठ टीमें लगी हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अब तक की जांच में सामने आया कि वारदातस्थल से निकलने के तीन रास्ते हैं। एक सुल्तानपुर रोड, दूसरा शहीद पथ और तीसरा वृंदावन कालोनी की तरफ जाता है। पुलिस की टीमें इन रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। करीब 300 सीसीटीवी कैमरों की तलाशी के बाद दो बाइक सवार बदमाशों को चिह्नित किया गया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक तीन सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा चुकी है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की गई, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। उन्होंने बताया कि कई सोसायटियों में या तो सीसीटीवी कैमरे लगे नहीं हैं, और जहां लगे हैं, वहां अधिकांश कैमरे खराब मिले। जिसके कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं। हमलावरों की तलाश लगातार जारी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया गया है।

### यह थी घटना

संतकबीर नगर निवासी अवधेश पाठक वर्तमान में कबीरपुर, थाना गोसाईंगंज में रहते हैं। वह भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के सेक्टर-डी स्थित शापिंग स्क्वायर कांप्लेक्स में वह अपनी पत्नी मिथलेश पाठक के साथ "रसोई बाय मां" नाम से रेस्टोरेंट का संचालन करते हैं, जहां से खाने-पीने का सामान पार्सल किया जाता है। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे अवधेश पाठक रेस्टोरेंट बंद कर कुछ सामान बाहर खड़ी कार में रखने जा रहे थे। इसी दौरान बाइक से दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे। एक युवक अवधेश से नाम पूछा, तभी दूसरे युवक ने अचानक गोली चला दी। गोली लगते ही घायल अवधेश किसी तरह जान बचाकर रेस्टोरेंट के अंदर भागे, जहां उनकी पत्नी मौजूद थीं। पत्नी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है।

## सिटी डायरी



कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञ व अन्य मेडिकल स्टॉफ।

### न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस निदान पर हुई राष्ट्रीय कार्यशाला

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंडियन एकेडमी ऑफ ट्रॉपिकल पैरासिटोलॉजी (आईएटीपी) के तत्वावधान में डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की ओर से दो दिवसीय न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस (एनसीसी) के लेबोरेटरी डायग्नोसिस पर राष्ट्रीय कार्यशाला हुई। इसका उद्घाटन प्रो. नुजहत हुसैन के एनसीसी के हिस्टोपैथोलॉजिकल डायग्नोसिस सत्र से हुआ, जिसमें भारत में नॉन-न्यूरोनल सिस्टीसर्कोसिस और मांसपेशियों पर प्रभाव पर चर्चा की गई। प्रो. केएन प्रसाद ने उत्तरी भारत में एनसीसी की महामारी विज्ञान पर जानकारी दी। प्रो. उज्जला घोषाल ने एमआरआई और ईआईटीबी जैसे डायग्नोस्टिक टूल्स की संवेदनशीलता और महत्व के बारे में बताया।



खेलकूद उत्सव में शामिल प्रतिभागी छात्र-छात्राएं।

### कॉलेज में हुआ खेलकूद उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ:** सेंट एंजिल्स कॉलेज की ओर से रामलीला मैदान, सेक्टर-एफ, एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड में आयोजित वार्षिक खेलकूद उत्सव उत्साह, ऊर्जा और रोमांच से भरपूर रहा। रंगारंग कार्यक्रमों और जोशीली खेल गतिविधियों से सजे इस उत्सव में विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और खेल भावना देखने को मिली। खेल उत्सव में छात्र नेतृत्व की भी अहम भूमिका रही। अभय यादव, रुचि खन्ना और वैष्णवी वर्मा के साथ स्पोर्ट्स कैप्टन श्रेया मिश्रा के साथ वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन तेजस के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। हाउस प्रणाली के अंतर्गत पीस, जॉय, ट्रुथ एवं होप हाउस के कैप्टन और वाइस कैप्टन ने अपनी-अपनी टीमों का कुशल संचालन किया।



पदक के साथ विजेता खिलाड़ी।

### सीएमएस गोल्फ सिटी चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ:** पांचवीं वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे कप चैंपियनशिप में 15 स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य के साथ 32 पदक जीतकर सीएमएस गोल्फ सिटी स्कूल की टीम ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। 10 स्वर्ण, पांच रजत, आठ कांस्य समेत 23 पदक के साथ जीडी गोयनका स्कूल दूसरे और छह स्वर्ण, तीन रजत व चार कांस्य के साथ 13 पदक जीतकर स्वर्णिम पब्लिक स्कूल की टीम तीसरे स्थान पर रही। तनिष्का भट्ट, आद्या अवस्थी, प्राची जायसवाल, साक्षी नाथ, मुस्कान सक्सेना, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, प्रथमेश त्रिपाठी, आराध्या, आर्या, अजबान खान, अरहम खान, अक्शा खान, राइमा खान, रितिका सिंह, ऋषिकेश ने स्वर्ण पदक जीते।



सीएमएस के विजेता छात्र प्रेसिडेंट डॉ. रोजर डेविड किंगडन के साथ।

### सीएमएस हाई स्कोरर्स कन्सर्ट में छात्र सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में सीएमएस हाई स्कोरर्स कन्सर्ट का आयोजन गोमती नगर प्रथम कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट डा. रोजर डेविड किंगडन ने मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक लंदन के तत्वावधान में आयोजित संगीत परीक्षाओं में डिस्टिंक्शन प्राप्त किया है।